हिन्दी मासिक अंक : 4 वर्ष : 14 जुलाई 2026 ₹5/-

# अक्षय किरण

मोदी सरकार के 12 साल युवा भारत की नई उड़ान

# राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद : 1572 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा और उत्कृष्टता का प्रेरक उत्सव




किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा आयोजित 'राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद' के पंचम संस्करण में जिले के 1572 मेधावी विद्यार्थियों को 'किरण माहेश्वरी उत्कृष्टता सम्मान' से सम्मानित किया गया। जिले के 100 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की भागीदारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों और नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को शिक्षा और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक आयोजन बना दिया। सम्मानित विद्यार्थियों को लैपटॉप बैग, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, 'अक्षय किरण' पत्रिका का नवीनतम अंक तथा प्रेरक संदेश प्रदान किए गए।

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से सफलता के साथ अपनी योग्यता, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में इस पहल की शुरुआत लगभग 360 विद्यार्थियों से हुई थी, जो इस वर्ष बढ़कर 1572 तक पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि यह जिले में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने माता–पिता और गुरुजनों के सम्मान को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए युवाओं से इसे अपने व्यक्तित्व का आधार बनाने का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान नई पीढ़ी को प्रेरणा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्मानित विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर राजसमंद, राजस्थान और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने युवाओं से रोजगार पाने के साथ रोजगार सृजन की दिशा में भी आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा विकसित भारत–2047 के लक्ष्य में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के जनसेवा और नेतृत्व को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारिवारिक सहयोग और उचित मार्गदर्शन से विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने तीन पीढ़ियों के विद्यार्थियों, अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता को कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि बताया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने कहा कि यह आयोजन स्वर्गीय किरण माहेश्वरी की जनसेवा और विकास की विरासत को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन चुका है।

कार्यक्रम में सामाजिक एवं वैचारिक मासिक पत्रिका 'अक्षय किरण' के नवीन अंक का भी विमोचन किया गया। वर्ष 2011 से प्रकाशित यह पत्रिका सामाजिक सरोकारों, राष्ट्रवादी विचारों और जनजागरण से जुड़े विषयों को समाज तक पहुंचा रही है। लगभग चार घंटे तक चले इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि प्रतिभा का सम्मान युवा पीढ़ी में आत्मविश्वास, उत्कृष्टता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है।

# संगठन की सशक्तता और जनसेवा भाजपा की पहचान




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कुरज मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद एवं समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों, जनसमस्याओं तथा विकास कार्यों पर चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सुझाव सुनते हुए संगठन को अधिक सशक्त, सक्रिय और जनोन्मुखी बनाने पर बल दिया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और जनसेवा की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि देश में 4 करोड़ से अधिक तथा राजस्थान में 25 लाख से अधिक परिवारों को पक्के आवास मिले हैं। बैठक के बाद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सड़क दुर्घटना में घायल जिला परिषद प्रतिनिधि जगदीश भील से चिकित्सालय में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# विकसित भारत के संकल्प में कार्यकर्त्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण



भाजपा के राणा राज सिंह, प्रताप एवं नगर मंडल की मासिक बैठकों में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाग लिया। बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों तथा विश्व पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की रूपरेखा पर चर्चा हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन से शुरू हुई स्वच्छता की यात्रा आज गोवर्धन योजना, नदियों के संरक्षण और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी पहलों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत अब तक 262 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को और सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार–विमर्श किया गया।

# जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

विधायक जनसुनवाई केंद्र पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विभिन्न ग्रामों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। चौकड़ी, भाणा, राज्यावास, मुंडोल, पनोतिया, मादड़ी देवस्थान, डूम खेड़ा और कनावदा सहित कई गांवों के लोगों ने पेयजल, सड़क, राजस्व एवं अतिक्रमण से जुड़े मुद्दे उठाए। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण तथा अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, सुशासन और सर्वांगीण विकास के सिद्धांत पर कार्य करती है तथा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना, डिजिटल विकास, महिला सशक्तिकरण, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।




PMCH
HEALTH ADVISORS
पेसिफिक मेडिकल कॉलेज & हॉस्पिटल
विश्वस्तरीय, अत्याधुनिक 1200+ बेड्स वाला मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH
H-2024-1409
यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं का इलाज
आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ देखभाल के साथ
किडनी स्टोन (पथरी)
प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ
बार-बार पेशाब आना / पेशाब में जलन
पेशाब रुकना / पेशाब कम आना
बच्चों में मूत्र संबंधी समस्याएँ
यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन (UTI)
50,000+ सफलतम सर्जरी
आज ही हमारे यूरोलॉजिस्ट से सलाह ले!
डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़
MS, M.Ch. – Uro Surgery
यूरोलॉजिस्ट और रिकंस्ट्रक्शन सर्जन
10+ Years of Experience
HELPLINE NUMBER
8690541110
भीलो का बेदला, एनएच-27, प्रताप पुरा
अंबेरी, उदयपुर, राजस्थान-313011
योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल
*नियम व शर्तें लागू।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर खड़बामणिया में विकास कार्यों का लोकार्पण, जल संरक्षण का संदेश



विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" के जिला स्तरीय समापन समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम खड़बामणिया में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीपल पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। उन्होंने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी की स्मृति में पौधारोपण किया तथा दीपदान कार्यक्रम में भाग लेकर जल स्रोतों के संरक्षण का आह्वान किया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक भवन, सराय, सीसी सड़क, विश्राम गृह, पानी की टंकी और महिला स्नानघर सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नए कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

# सेवा शिविर से जनसंवाद तक, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी का क्षेत्रीय दौरा

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुंडोल, डिप्टी खेड़ा, डिप्टी, कांकरोली आदि क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं और आमजन से संवाद किया तथा क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शोकग्रस्त परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय मोतीलाल व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजसमंद नगर परिषद के सेवा शिविर में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के नेतृत्व में देश ने विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान दी है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, केदारनाथ धाम, श्रीराम मंदिर, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और नई शिक्षा नीति 2020 को उन्होंने सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया।



# विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सर्वोच्च प्राथमिकता

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने बड़ारड़ा, पुठिया, फरारा महादेव सड़क, सांगठकला, साकरोदा एवं सुन्दरचा मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण तथा पुलिया निर्माण कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बड़ारड़ा से सुन्दरचा तक खारी फीडर तथा सुन्दरचा में बाघेरी पेयजल परियोजना की पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान पेयजल आपूर्ति बाधित न हो और सभी कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

# मातृत्व के हर पड़ाव पर सुरक्षा और विश्वास



## स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
## गीतांजली हॉस्पिटल

- अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं **क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट**
- **उच्च जोखिम** गर्भावस्था प्रबंधन (प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरांत)
- **PCOD, मासिक धर्म संबंधी** एवं **बांझपन संबंधी** समस्याएं
- **प्रीमैच्योरिटी** एवं **लो वेट** बर्थ मैनेजमेंट
- **24x7 सामान्य और सिजेरियन** प्रसव की सुविधा
- **गर्भस्थ शिशु** की सुरक्षित देखभाल (ANC care)
- **दर्द रहित प्रसव** की सुविधा (Painless Delivery)

***नि:शुल्क डिलीवरी सुविधा**

**लेप्रोस्कोपी व एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी**

24×7 डॉक्टर उपलब्ध | मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर | 4D सोनोग्राफी (कलर डॉप्लर) | लेज़र एस्थेटिक गायनेकोलॉजी | वातानुकूलित (AC) मैटरनिटी कॉम्प्लेक्स | लेबर डिलीवरी रूम (LDR) | प्राइवेट ए.सी. रूम | ए.सी. वार्ड

परिवार कल्याण क्लिनिक | किशोरावस्था क्लिनिक | मेनोपोज़ (रजोनिवृत्ति) क्लिनिक | PCOD क्लिनिक | सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग | लेवल-3 28 बेड NICU

**गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) - 313002

**24x7 नवजात आपातकालीन सेवाएँ**

0294-2500044
www.geetanjalihospital.co.in

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | *जननी सुरक्षा योजना (JSY) | राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (RGHS) | भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) | सभी सरकारी, निजी, टीपीए और बीमा योजनाओं के साथ सूचीबद्ध

# प्रबुद्ध वर्ग विकसित भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन में कहा कि राष्ट्र निर्माण, सकारात्मक जनमत और जनजागरूकता में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों से देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। आधार, यूपीआई और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी व्यवस्थाओं ने पारदर्शिता बढ़ाकर भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में सड़क, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। राजसमंद में भी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ पर्यटन, मार्बल उद्योग और व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रबुद्ध वर्ग से विकसित भारत–2047 के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का मूल मंत्र



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजसमंद झील स्थित नो चौकी पाल में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाग लेकर नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार है। यह भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज करोड़ों लोग इसे अपना रहे हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए नागरिकों से "करें योग, रहें निरोग" का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# पेंशनरों के सम्मान और सुविधाओं के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध




राजस्थान पेंशनर समाज, राजसमंद जिला शाखा द्वारा आयोजित पेंशनर विश्रांति गृह के शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले पेंशनरों का सम्मान और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने विधायक विकास निधि से पेंशनर विश्रांति गृह निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजस्थान पेंशनर समाज द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सामाजिक सहभागिता के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पेंशनर विश्रांति गृह वरिष्ठ नागरिकों के संवाद, सहयोग और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# ग्रामीण सेवा शिविर जनसेवा और सुशासन का प्रभावी माध्यम

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम पंचायत लापस्या में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में भाग लेकर इसे जनसेवा, सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बताया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित समाधान किया तथा जनकल्याण से जुड़े कई कार्य मौके पर ही संपन्न किए।

शिविर की प्रमुख उपलब्धि बंजारा समुदाय के लोगों को निःशुल्क पट्टों का वितरण रही। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह वंचित और जरूरतमंद परिवारों को सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर केवल योजनाओं के क्रियान्वयन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रशासन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, सुशासन, सामाजिक न्याय और प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करते हैं।

---

# संगठन, संस्कार और सेवा की त्रिवेणी है माहेश्वरी समाज




जयपुर। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्री माहेश्वरी समाज जयपुर द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। समाज के अध्यक्ष उमेश सोनी एवं महामंत्री रोहित माहेश्वरी ने उनका स्वागत किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि महेश नवमी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक है। भगवान महेश की प्रेरणा से माहेश्वरी समाज ने सेवा, समर्पण, सदाचार और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति का आधार संगठन, संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पण है। उन्होंने युवाओं से आधुनिक शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता अपनाते हुए सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सफल आयोजन के लिए श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की टीम को बधाई देते हुए समाज की एकता, उन्नति और समृद्धि की कामना की।

# आत्मा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर





विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आत्मा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांव–गांव तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत स्वास्थ्य आधारभूत संरचना से ग्रामीणों को बेहतर उपचार मिलेगा और दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य संस्थानों के भवन निर्माण, संसाधनों की उपलब्धता और चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भवन निर्माण पूर्ण होने पर आत्मा एवं आसपास के गांवों के हजारों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्राम सापोल में 55 लाख रुपये की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम सापोल में मुख्यमंत्री बजट के अंतर्गत 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर उपचार, परामर्श और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे सापोल एवं आसपास के गांवों के लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार गांव–गांव तक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही है और राजसमंद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास और आधारभूत सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए वे निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने ग्रामवासियों एवं मातृशक्ति द्वारा दिए गए आत्मीय सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण सौगात पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## आपातकाल लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने 25 जून 1975 को लागू आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि यह संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक अधिकारों पर सीधा प्रहार था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता के लिए देश में भय और दमन का वातावरण बनाया।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र समर्थकों को बिना न्यायिक प्रक्रिया के जेल भेजा गया तथा समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और गांधी परिवार में लोकतांत्रिक मर्यादाओं के प्रति सम्मान नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से 25 जून को 'संविधान रक्षा दिवस' के रूप में स्मरण कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव जागरूक रहने का आह्वान किया।

# मोही में वीबी जी राम जी योजना का शुभारंभ, ग्रामीण रोजगार को मिलेगी नई गति




विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में 1 जुलाई से लागू षविकसित भारत—रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (वीबी जी राम जी)ष योजना का शुभारंभ मोही ग्राम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर गौशाला के समीप मेड़बंदी, समतलीकरण एवं पौधारोपण कार्यों की शुरुआत की गई।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह योजना रोजगार, सम्मान और विकास का सशक्त माध्यम है, जो आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों की योजना तैयार करेंगी, जिससे निर्णय और विकास गांव स्तर पर ही सुनिश्चित होंगे। योजना के तहत ग्रामीणों को 125 दिन का रोजगार तथा मजदूरी का भुगतान अधिकतम 15 दिन में किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसआरके महाविद्यालय में विधायक निधि से बनी अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण, विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का मिला नया केंद्र



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक निधि से सेठ रंगलाल कोठारी (एसआरके) राजकीय महाविद्यालय में निर्मित अत्याधुनिक ई—लाइब्रेरी का लोकार्पण किया तथा प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ई—लाइब्रेरी केवल आधुनिक सुविधा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, प्रतिभा और उज्ज्वल भविष्य का सशक्त केंद्र है। इससे विद्यार्थियों को ई—पुस्तकों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध सामग्री, ऑनलाइन जर्नल, डिजिटल डेटाबेस तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधनों तक आसान पहुंच विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से दक्ष और प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक अधोसंरचना विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि राजसमंद के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्होंने अनुशासन, परिश्रम, नवाचार और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया तथा शिक्षा को व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व विकास का सर्वोत्तम माध्यम बताया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विद्यार्थियों से तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर शोध और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। वृक्षारोपण के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा और पर्यावरण, दोनों ही राष्ट्र के सतत विकास के आधार हैं। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री जितेंद्र लोधा, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, विकास कार्यों की समीक्षा की



विधायक जनसुनवाई केंद्र में वणाई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास, सुशासन और जनविश्वास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पचपदरा तेल शोधन संयंत्र का उद्घाटन, हरियाणा के साथ यमुना जल वितरण समझौता तथा विभिन्न विकास कार्य प्रदेश की प्रगति के प्रमाण हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसंवाद के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा नगर मंडल के 'हर बूथ पर पौधारोपण' अभियान के अंतर्गत विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने महावीर नगर स्थित श्री राज राजेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्रवादी विचारों का स्मरण किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने समाज की सहभागिता से ऐसे अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने श्री राज राजेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की तथा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से जनसहभागिता, स्वच्छता और हरित वातावरण पर संवाद किया।

# अमलोई में 500 मीट्रिक टन क्षमता के अन्न भंडारण गोदाम का लोकार्पण



राज्यावास पंचायत के ग्राम अमलोई स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति में 500 मीट्रिक टन क्षमता के आधुनिक अन्न भंडारण गोदाम का लोकार्पण केंद्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह ने आभासी माध्यम से किया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने नई दिल्ली से आयोजित मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण देखा।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह गोदाम किसानों की भंडारण समस्या का समाधान करेगा और उनकी उपज को सुरक्षित रखने में सहायक होगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थापित सहकारिता मंत्रालय किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से कृषि, डेयरी, बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों से जुड़े करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सहकारिता आधारित यह मॉडल किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को प्रतिस्पर्धी बनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


RK GROUP
MAZBOOTI AISI KI
FARQ NAZAR
AAYEGA
RK GROUP
WONDER
CEMENT
FARQ NAZAR AAYEGA
PLUS
Toll-free No.: 1800 31 31 31

# कुंवारिया में ₹14 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास




विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम पंचायत कुंवारिया में ₹14 करोड़ से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि विधायक मद से सामुदायिक भवनों, सराय निर्माण तथा विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। पंचायत मद से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ तथा विद्यालय मरम्मत, सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने बताया कि ₹12 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा ₹2 करोड़ की लागत से नीलकंठ महादेव मंदिर से अंबेडकर सर्किल तक अटल पथ का शिलान्यास किया गया।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से स्वास्थ्य, सड़क और आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

Facebook kiranmaheshwari.bjp | Instagram kiranmaheshwari.bjp | Twitter kiransnm | DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

अक्षय किरण

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94143 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
स्वत्वाधिकारी श्रीमती डिम्पल खटोड़ की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी द्वारा 457, अम्बामाता योजना, उदयपुर से प्रकाशित। मुद्रक : न्यूट्रैक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी उदयपुर। संपादक – अनिल चतुर्वेदी।

वार्षिक शुल्क – 100/–
आजीवन शुल्क – 2100/–

contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com